

राजनीति

मैनपुरी में मंगलवार को अपने पति और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और अन्य सपा नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल करतीं उम्मीदवार डिंपल यादव।

# आज रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य की किरणें

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने की खास व्यवस्था

अयोध्या, 16 अप्रैल (जनसत्ता)।

रामनवमी यानी बुधवार को दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला का अभिषेक करेंगी। इस विशेष कार्यक्रम के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने खास व्यवस्था कर रखी है। इस दिन रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने केवल राम जन्मोत्सव के दिन यानी 17 अप्रैल को ही दर्शन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। राम जन्मोत्सव के दिन सुबह 3.30 बजे से ही भक्त दर्शन के लिए लाइन में लग सकेंगे। रात 11 बजे तक श्रृंगार, राग-भोग व दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि रामनवमी पर भगवान रामलला के ललाट पर सूर्य किरण 12.16 मिनट के करीब 5 मिनट तक पड़ेगी, इसके लिए महत्वपूर्ण तकनीकी व्यवस्था की गई है। वैज्ञानिक इस अलौकिक पलों को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर का बचा हुआ कार्य भी दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए रामनवमी के दिन खास व्यवस्थाएं होंगी।

रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं के बारे में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि श्रीराम नवमी महोत्सव के दौरान मंगला आरती के बाद ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 3.30 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः 5.00 बजे होगी। श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा-विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेगी। भगवान को भोग लगाने के लिए समय-समय पर अल्प-काल को पर्दा रहेगा। रात्रि 11.00 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा। इसके बाद परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी।

तीर्थ क्षेत्र की ओर से बताया गया कि रामनवमी पर शयन आरती के बाद मंदिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि मंदिर से दूर सुरक्षित रखकर आएं। वीआइपी दर्शन पर रोक एक दिन बढ़ा दी गई है। अब 19 अप्रैल तक वीआइपी दर्शन पर रोक रहेगी। सुगम दर्शन पास, वीआइपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे।

सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से यात्री सेवा केंद्र बनाया गया है, जिसमें जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां श्रद्धालुओं के बैठने से लेकर इलाज तक के इंतजाम हैं। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में लगभग 80 से 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर किया जाएगा। राम मंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल राव ने बताया कि 16 और 18 अप्रैल को रामलला का दर्शन सुबह 6 बजे से ही शुरू हो जाएगा। अभी रामलला के दर्शन 6.30 बजे की श्रृंगार आरती के बाद शुरू होते हैं।



### हनुमानगढ़ी की भी समय सारिणी जारी

हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास की ओर से दर्शन की समय सारणी जारी की गई है । इसकी जानकारी देते हुए संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि नया दर्शन शेड्यूल 15 अप्रैल से लागू हो गया है। नए शेड्यूल के अनुसार हनुमानगढ़ी पर सुबह 3:00 से 4:00 तक हनुमान जी की आरती पूजा और श्रृंगार होगा। दर्शनार्थियों का प्रवेश प्रातः 4:00 बजे से शुरू हो जाएगा। इसके बाद मंदिर का पट दोपहर 12:00 से 12:20 तक बंद रहेगा। भोग और आरती के लिए दर्शन प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा। दोपहर 3:00 बजे से 3:20 तक आरती पूजा के लिए दर्शन बंद किया जाएगा। संध्या आरती में रात 10 बजे से 10:30 बजे तक श्रद्धालुओं का प्रवेश बाधित रहेगा।

# सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने मैनपुरी से नामांकन दाखिल किया

मैनपुरी, 16 अप्रैल (भाषा)।


सपा की प्रत्याशी और वर्तमान सांसद डिंपल यादव ने मंगलवार को मैनपुरी सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। सपा ने एक्स पर पोस्ट किया कि मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव, वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव व शिवपाल यादव मौजूद थे।

नामांकन दाखिल करने के बाद सपा प्रमुख यादव ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि सपा इस बार मैनपुरी का चुनाव रिकार्ड मतों से जीतने जा रही है। मैनपुरी में तीसरे चरण के तहत सात मई को मतदान होगा। मैनपुरी सीट से भाजपा के जयवीर सिंह और बसपा के शिवप्रसाद यादव मैदान में हैं। सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि मैनपुरी में दूसरे दल जो सामने हैं उनके पास दिखाने और बताने को कुछ नहीं हैं। जनता जब दस साल दिल्ली के काम का और सात साल उप्र की सरकार के काम का आकलन करेगी, तो भाजपा के सारे चेहरे गायब हो जाएंगे। केंद्र और उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया होने जा रहा है।

यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में हर परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो रहा है और अब तक 10 प्रश्नपत्र लीक हो चुके हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने दावा किया कि इन्होंने युवाओं से नौकरी छीनी है और यह आरक्षण नहीं देना चाहते क्योंकि सरकारी नौकरी देंगे तो आरक्षण देना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आरक्षण नहीं देना चाहती इसलिए जानबूझकर प्रश्नपत्र लीक कराए जाते हैं। यादव ने दावा किया कि जब से केंद्र में भाजपा सरकार आयी है, तबसे एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है और इस बात को किसान भूले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र लीक होने के कारण 60 लाख बच्चे प्रभावित हुए हैं और अगर उनके परिवार में माता-पिता को भी जोड़ दें तो एक करोड़ अस्सी लाख वोटर हुए।

## खबर कोना



आगरा में मंगलवार को ताजमहल का दीदार करने पहुंची अभिनेत्री माहिरा शर्मा।

### लाखों की स्मैक सहित चार तस्कर गिरफ्तार

बरेली, 16 अप्रैल (जनसत्ता)।

जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमारी में पुलिस ने नशीले पदार्थों के चार तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने भमौरा क्षेत्र में गिरफ्तार तीन तस्करों के पास से 290 ग्राम और फतेहगंज पश्चिमी में पकड़े गए एक तस्कर के पास से 60 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरामद की गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 लाख रुपए आंकी गई है। थाना भमौरा के प्रभारी निरीक्षक इशान सोनी ने बताया कि पिछले काफी समय से बरेली-बदायूं रोड पर किसी तस्कर गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थीं। मुखबिरों से मिली सूचनाओं के आधार पर सोमवार की रात को दो मोटरसाइकिल से जा रहे तीन तस्करों की घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से 290 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।

### गंगा पुल के निकट मिला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस

हापुड़, 16 अप्रैल (जनसत्ता)।

गढ़मुक्तेश्वर गंगा पुल के डिवाइडर पर एक युवक का शव मिलने से तीर्थनगरी में सनसनी फैल गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 09 पर तड़के में करीब 32 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ था। उस पर नजर पड़ते ही राहगीरों ने पुलिस को सूचना कर दी। मौके पर आई पुलिस ने काफी देर तक जांच पड़ताल करने के उपरांत अज्ञात शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक कौन एवं कहां का रहने वाला था और उसकी मौत किस कारण से हुई, फिलहाल इसका कोई खुलासा नहीं हो पाया है।

### अध्यापक की गोली मारकर हत्या का मामला

# आरोपी सिपाही की न्यायिक हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ी

मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (जनसत्ता)।

वाराणसी से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका लेकर मुजफ्फरनगर में आए अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की गोली मारकर हत्या के मामले में जेल भेजे गए चंद्र प्रकाश की न्यायिक हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा न्यायिक हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इस मामले में अभी तक जांच लंबित है। बताएं कि गत 17 मार्च रात्रि को एसडी इंटर कालेज मुजफ्फरनगर के बाहर एक वाहन में सो रहे राजकीय अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की साथ में आए एक सिपाही चंद्र प्रकाश ने गोली मार कर हत्या कर दी थी अगले दिन सिपाही को गिरफ्तार कर लिया गया था और घटना को लेकर अध्यापकों में रोष फेल गया था। रोड जाम कर धरना दिया गया था। तब पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच आरंभ की थी।

# बसपा ने मोदी के खिलाफ अतहर जमाल लारी को मैदान में उतारा

लखनऊ, 16 अप्रैल (भाषा)।

बसपा ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की अपनी पांचवीं सूची जारी की, जिसमें पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को जौनपुर से मैदान में उतारा गया है। बसपा ने मैनपुरी से अपना उम्मीदवार भी बदल दिया है और सपा की डिंपल यादव और भाजपा के जयवीर सिंह के खिलाफ शिव प्रसाद यादव को मैदान में उतारा है। वाराणसी लोकसभा सीट पर बसपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अतहर जमाल लारी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

> पार्टी ने ग्यारह उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी की।

बसपा की ओर से जारी सूची के मुताबिक, मुसलिम खान बदायूं से, छोटेलाल गंगवार बरेली से, उदयराज वर्मा सुल्तानपुर से, क्रांति पांडे फर्रुखाबाद से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। मयंक द्विवेदी बांदा से, ख्वाजा समसुद्दीन डुमरियागंज से, ललन सिंह यादव बलिया से और उमेश कुमार सिंह गाजीपुर से बसपा के उम्मीदवार होंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने सपा और रालोद के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। सपा-बसपा-रालोद गठबंधन की चुनौती को दरकिनार करते हुए भाजपा ने 62 सीटें और उसकी सहयोगी अपना दल (एस) ने दो सीटें जीती थीं। हालांकि, इस गठबंधन में बसपा को सबसे ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि उसके 10 उम्मीदवार विजयी रहे थे। अखिलेश यादव की सपा ने पांच सीटें जीती थीं, जबकि रालोद चुनाव में अपना खाता नहीं खोल सकी थी। कांग्रेस ने एकमात्र रायबरेली सीट जीती थी, जहां से सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा था।

## मथुरा में सरकारी सेवाएं बेहाल : बसपा

मथुरा,16 अप्रैल (जनसत्ता)।

बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा है कि जनपद में 65 फीसद प्राथमिक स्कूलों में बच्चे जमीन पर बैठ कर पढ़ रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र मानव संसाधन की बेहद कमी से जूझ रहा है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। विकास की हालत यह है कि जिले में चार लाख परिवार हर महीने सरकारी राशन का इंतजार करते हैं।

युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। हर क्षेत्र में निराशा का माहौल है। यह निराशा लगातार गहरा रही है और माहौल बिगड़ रहा है। देश और प्रदेश की सत्ता में बैठी पार्टी ने हालात यह बना दिए हैं कि हर महीने करीब 100 करोड़ की शराब मथुरा जनपद में लोग पी जाते हैं। जिससे सरकार को करीब 65 करोड़ का राजस्व मिलता है।


## ऐक्सिस बैंक लि0 कब्जे की नोटिस

रिटेल एसेट्स सेंटरः प्रथम तल, जी-4/5 बी सेंटर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ- 226010
रजिस्टर्ड ऑफिसः (त्रिशूल), तृतीय तल, समराथेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, ऐक्सिस बैंक लि0 के प्राधिकारी, न सिक्योरिटाइजशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) रूल, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग नोटिस जारी किये गये। उक्त वर्णित उधारकर्ता राशि का भुगतान करने करने में असफल रहे है, अतः उक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से एवं सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उन्हें उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कब्जा ले लिया है। उपरोक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के साथ कोई सौदा न करें तथा उक्त सम्पत्ति के साथ किया जाने वाला कोई सौदा एक्सिस बैंक लि0 के साथ उक्त नोटिस में वर्णित वार्षिक ब्याज, अनुशंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि समेत से प्रभावी, मॉर्टगेज के विषयाधीन होगा। ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता एवं जमानतकर्ता का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में बन्धक सम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

| खातेदार/गारन्टरों का नाम एवं पता | बंधक सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| श्री अमन कुमार (ऋणी) पुत्र श्री विपिन कुमार, श्रीमती शिखा वर्मा (सह-ऋणी) पत्नी श्री अमन कुमार दोनों का पताः 1. कृष्णा बलराम नगर, मोहम्मदाबाद, मोहम्मदाबाद, फर्रूखाबाद, उत्तर प्रदेश, 206451, पताः 2. मोहल्ला मोहम्मदाबाद, परगना मोहम्मदाबाद, तहसील/सदर/जिला फर्रूखाबाद उत्तर प्रदेश 209651, श्री पवन कुमार वर्मा (सह-ऋणी) पुत्र श्री राम सरन वर्मा, श्रीमती रोमा (सह-ऋणी) पत्नी श्री पवन कुमार वर्मा दोनों का पताः राजीव नगर, मोहम्मदाबाद, मोहम्मदाबाद, फर्रूखाबाद, उत्तर प्रदेश 206451 | भूमि/सम्पत्ति- रिहायशी/व्यावसायिक मोहल्ला मोहम्मदाबाद, परगना मोहम्मदाबाद, तहसील/सदर/जिला फर्रूखाबाद उत्तर प्रदेश 209651, एरियाः 71.33 वर्ग मीटर, सम्पत्ति श्री अमन कुमार एवं श्रीमती शिखा वर्मा के नाम। **चौहद्दी वैल्यूएशन रिपोर्ट के अनुसारः पूरब**- 10 फीट चौड़ा रोड, **पश्चिम**- रोमा वर्मा का मकान, **उत्तर**- श्री मोहन वर्मा पुत्र श्री जीवा प्रकाश का प्लॉट, **दक्षिण**- पवन गुप्ता का मकान। | रू0 1470408.00 रू0 29769.85 दि. 14.12.2023 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे / 21.12.2023 / 12.04.2024 |
| श्रीमती सावित्री देवी (ऋणी) पत्नी श्री राधा कृष्णा पताः 1. इन्दा नगर, मोहम्मदाबाद, मोहम्मदाबाद कायमगंज, फर्रूखाबाद, उत्तर प्रदेश 206451, पताः 2. चक नं0 2928, 971, गाटा नं0 2450/1 मिन., 2451/1, 2453, 2449/1 मिन., 2450, 2451 एवं 2453/1 मिन. का भाग, कृष्णा बलराम नगर, मोहम्मदाबाद, फर्रूखाबाद, बाल राम नगर, मोहम्मदाबाद, फर्रूखाबाद, उत्तर प्रदेश 206451, श्री राधा कृष्णा (सह-ऋणी) पुत्र श्री रूस्लम सिंह, श्री मोहित यादव (सह-ऋणी) पुत्र श्री राधा कृष्णा दोनों का पताः इन्द्रा नगर, मोहम्मदाबाद, मोहम्मदाबाद, कायमगंज, फर्रूखाबाद, उत्तर प्रदेश 206451 | रिहायशी/व्यावसायिक सम्पत्ति स्थित चक नं0 2928, 971, गाटा नं0 2450/1 मिन., 2451/1, 2453, 2449/1 मिन., 2450, 2451 एवं 2453/1मिन. का भाग, कृष्णा बलराम नगर, मोहम्मदाबाद, फर्रूखाबाद, उत्तर प्रदेश 206451, एरियाः 647.49 वर्ग मीटर, सम्पत्ति श्रीमती सावित्री देवी के नाम। **चौहद्दीः पूरब**- रास्ता, **पश्चिम**- पंकज का प्लॉट, **उत्तर**- बेरवॉल, **दक्षिण**- गली/अन्य का प्लॉट। | रू0 2841132.08 रू0 27658.54 दि. 08.11.2023 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे / 18.11.2023 / 12.04.2024 |
| श्री सहदेव प्रसाद मौर्य (ऋणी) पुत्र श्री ब्रज लाल मौर्य पताः लोहनीपुर, तकिया कलां, राय बरेली उत्तर प्रदेश 229001, श्रीमती सावित्री देवी (सह-ऋणी) पत्नी श्री सहदेव प्रसाद मौर्य पताः 1. लोहनीपुर, तकिया कलां, राय बरेली उत्तर प्रदेश 229001, पताः 2. मकान नं0 786, ग्राम/मोहल्ला किशुनपुर राय, परगना-रायपुर, तहसील एवं जिला रायबरेली 229316 | आवासीय सम्पत्ति स्थित ग्राम/मोहल्ला किशुनपुर राय, परगना-रायपुर, तहसील एवं जिला रायबरेली 229316, एरियाः 275.4 वर्ग मीटर, सम्पत्ति श्रीमती सावत्री देवी के नाम। **चौहद्दीः पूरब**- सूरज लाल मौर्य का मकान, **पश्चिम**- प्रनेश श्रीवास्तव का मकान, **उत्तर**- रोड एवं दस्सादीन मौर्य का मकान, **दक्षिण**- सुदामा कोरी का मकान एवं अन्य। | रू0 3081381.60 रू0 32999.01 दि. 01.06.2023 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे / 07.06.2023 / 12.04.2024 |

दिनांकः 17.04.2024 प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लि0



## केनरा बैंक Canara Bank

भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

शाखा कार्यालयः दुकान नंबर 103, सिद्दीकी प्लाजा, मुंशीपुलिया, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016

**लॉकर तोड़ने के लिए सार्वजनिक सूचना**

सभी संबंधित व्यक्तियों और आम जनता को एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाता है कि इस नोटिस के तहत नामित व्यक्तियों ने केनरा बैंक की नीचे उल्लिखित शाखाओं (ई-सिंडिकेट बैंक की शाखाओं सहित) में सुरक्षित जमा लॉकर की सुविधा का लाभ उठाया है। संबंधित शाखा ने पहले से ही हमारे बैंक रिकार्ड के अनुसार नवीनतम उपलब्ध पते पर लॉकर किराए पर लेने वालों/एलओए को देय पावती (एडी) के साथ पंजीकृत डाक द्वारा व्यक्तिगत पत्रा नोटिस भेज दिया है, जिसमें लॉकर किराए के बकाया को चुकाने का अनुरोध किया गया है। इन नोटिसों के बावजूद, लॉकर किराए पर लेने वालों/एलओए ने शाखा से संपर्क नहीं किया है और लॉकर किराया बकाया जमा नहीं किया है। नीचे नामित लॉकर किराएदारों और उनके कानूनी उत्तराधिकारियों से अनुरोध है कि वे इसे अंतिम नोटिस मानें और आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित शाखा से संपर्क करें और इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर लॉकर किराया बकाया जमा करें, अन्यथा बैंक इसे तोड़ देगा। बिना किसी अतिरिक्त सूचना या सूचना के लॉकर, किरायेदारों या उनके कानूनी प्रतिनिधियों/उत्तराधिकारियों की कीमत और एकमात्र जोखिम पर

| क.सं. | ब्रांच का नाम/ मोबाइल न. | लॉकर न. | लॉकर किराया बाकाया | लॉकर किराए पर लेने वाले का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इंदिरा नगर 8173007758 | 326 | 21240/- | नीलम श्रीवास्तव एवं शेओ नंदन प्रसाद, सी-1048 इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 |
| 2. | | 204 | 16430/- | चुन्नी देवी त्रिपाठी एवं ज्योति शुक्ला, 19/766 इन्दिरानगर, लखनऊ-226016 |

आदेश से
इंदिरा नगर (मुंशीपुलिया) लखनऊ


# बच्चे के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

मथुरा, 16 अप्रैल (जनसत्ता)।

मथुरा की जिला अदालत ने करीब एक वर्ष पहले गोवर्धन के राधाकुंड कस्बे में छह वर्ष के बच्चे को सड़क पर पटक-पटक कर मार डालने के आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग की अदालत ने ओमप्रकाश निवासी भिंड (मध्य प्रदेश) को छह वर्षीय बच्चे अंकित की हत्या के आरोप में दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद व 50 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

अदालत ने कहा कि जुर्माने से आधी रकम मृत बालक के पिता हरपाल सैनी को दिए जाने के आदेश दिए। रकम जमा न कराए जाने की स्थिति में दोषी को पांच वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतने की सजा सुनाई गई। सजा सुनाए जाने के बाद अभियुक्त को सीधे जेल भेज दिया गया। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि मामला राधाकुंड, गोवर्धन का है, जहां 19 अगस्त 2023 को राह चलते ओमप्रकाश ने घर के बाहर खेल रहे हरपाल सैनी के छह साल के मासूम बच्चे अंकित की सरेआम सड़क पर पटक-पटक कर हत्या कर दी थी। अधिवक्ता ने बताया कि उस मासूम का दोष बस इतना था कि वह पिता के ठेले के पास खेलते हुए सड़क से गुजर रहे हत्याभियुक्त से छू गया था। आरोपी ने मौके पर मौजूद लोगों को उस समय बताया था कि वह पूजा करने जा रहा था और बच्चे के छू जाने से कथित रूप से खुद के 'अपवित्र' होने की बात कही थी। तरकर ने बताया कि बचाव पक्ष ने इस मामले में आरोपी को मानसिक तौर पर रोगी सिद्ध करने का प्रयास किया, लेकिन आगरा के मानसिक चिकित्सालय के विशेषज्ञों की जांच में वह पूर्ण रूप से स्वस्थ पाया गया।


## शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 501, सॉलकन ऑरम, जसोला जनपद केन्द्र, नई दिल्ली-110025
सीआईएन : यू65900डीएल2020पीएलसी366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित ऋणकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से प्राप्त किए गए स्वर्ण ऋण / ऋणानेक जो हैं वे बैंक द्वारा निर्गत व्यक्तिगत सूचनाओं सहित अनेक मांगों एवं सूचनाओं के बाद भी उनके द्वारा समायोजित नहीं किए गए हैं। समस्त ऋणकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में रखे गए स्वर्णाभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है तथा तद्नुसार **29-04-2024** को अप. 03.00 बजे उन शाखा परिसरों में नीलामी की तिथि के रूप में निर्धारित किया गया है जहां से ऋण प्राप्त किया गया था / किए गए थे। ऋणकर्ताओं सहित समस्त सर्वसाधारण, खाताधारक और जनसाधारण नीलामी के नियमों एवं शर्तों के अनुसार इस नीलामी में प्रतिभागिता कर सकते हैं। नीलामी का संचालन ऑनलाइन https://egold.auctiontiger.net पर 29-04-2024 को अप. 03.00 बजे सायं 05.00 बजे तक किया जायेगा।

| शाखा | खाता संख्या | खाताधारक का नाम | पिता / पति-पत्नी का नाम | पता | खाता खोलने की तिथि | पेऑफ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विकास नगर | 102446510040 | सुदामा पी खत्री | पुत्र गेडिमल | मकान नंबर 551, जेएचए 348 हरिहर प्रसाद नगर, आलमबाग, लखनऊ उत्तर प्रदेश 226005 | 30/12/2023 | 299,585.23 |
| विकास नगर | 102446510036 | आशुतोष के श्रीवास्तव | पुत्र श्री कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव | एफ 49 जानकी पुरम गार्डन, गेट नंबर 2, सहारा स्टेट्स के पास, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226021 | 12/12/2023 | 114,925.24 |
| आलमबाग | 102342510110 | रोहित कुमार | द्वारा मिथिलेश | उपहार - 202 उद्यान - 2, एल्डिको कॉलोनी, पी जी आई उतरठिया के पास, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226025 | 06/12/2023 | 151,281.32 |
| आलमबाग | 102342510108 | अर्जुन के सिंह | पुत्र हरिशंकर सिंह | 33 ए मुन्तहा कॉलोनी देवरिया खुर्द पोस्ट लौलाई लखनऊ भारत लखनऊ यूपी 226028 | 03/12/2023 | 222,866.19 |
| आलमबाग | 102342510119 | अर्जुन के सिंह | पुत्र हरिशंकर सिंह | 33 ए मुन्ताह कॉलोनी देवरिया खुर्द पोस्ट लौलाई लखनऊ भारत लखनऊ यूपी 226028 | 15/12/2023 | 658,066.4349 |

**नीलामी तिथि 29-04-2024 को अप. 03.00 बजे है**

बैंक के पास बिना कोई पूर्व सूचना दिये नीलामी से किसी खाता को समाप्त करने अथवा नीलामी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड


# अधिवक्ता ने ही रची थी अपने अपहरण की साजिश

वाराणसी, 16 अप्रैल (जनसत्ता)।

मंडुवाडीह थानाक्षेत्र के लखनपुर निवासी अपहृत अधिवक्ता सुरेंद्र पटेल को पुलिस ने प्रयागराज से बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसने अपने अपहरण की कहानी खुद रची थी और खुद ही गायब हो गया। पुलिस की टीम सर्विलांस लोकेशन मिलने के बाद वाराणसी से टीम प्रयागराज पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ एक घर से उसे सकुशल बरामद किया।

सुरेंद्र पटेल ने मंगलवार को बताया कि उसने कई बैंकों से लोन लिया था, जिसकी किस्त टूट रही थी। बैंकों द्वारा बार-बार फोन किया जा रहा था, जिससे तंग आकर उसने बैंकों का नंबर ब्लाक कर दिया। इसके बाद बैंक से नए-नए नंबरों से फोन आना शुरू हो गया। 3 दिन में फिर परेशान होकर उसने अपना सिम बंद कर नया फोन और नया सिम ले लिया। वकील ने पुलिस को बताया कि बैंक से लगातार फोन आने और उससे निजात पाने के लिए उसने एक प्लान बनाया। 27 मार्च को अपने बाइक से 11.00 बजे घर से निकला। योजना के तहत अपनी बाइक को गेट नंबर 4 फुलवरिया के पास बाइक खड़ी कर दी। इसके बाद अपने भाई के नंबर पर मैसेज किया और फोन स्विच आफ कर लिया। वहां से पटरी से होते हुए कैंट स्टेशन पहुंचा और स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन में बैठ गया।